# कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

दिनांक- 29-09-2025

**विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में पैदल भ्रमण एवं सख्त कार्यवाही के निर्देश।**

➢ **"अतिक्रमण व यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा"- पुलिस आयुक्त।**

1. **पैदल भ्रमण एवं निरीक्षण :-**
   - पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल द्वारा थाना चेतगंज क्षेत्रान्तर्गत लहुराबीर चौराहे पर रुककर सड़क पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया गया।
   - गोदौलिया से केवीएम होते हुए दालमण्डी तक पैदल भ्रमण कर क्षेत्रीय स्थिति का जायजा लिया।
   - तत्पश्चात चेतगंज से लहुराबीर होते हुए अमर उजाला तिराहा तक पैदल गश्त की गई।
2. **अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त निर्देश :-**
   - लहुराबीर चौराहे पर तत्काल अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।
   - सम्पूर्ण भ्रमण के दौरान अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने एवं किसी भी प्रकार का नया अतिक्रमण न होने देने के आदेश दिए गए।
   - अतिक्रमण पाए जाने पर सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए गए।
3. **क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिसिंग की समीक्षा :-**
   - सम्पूर्ण दालमण्डी क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया गया।
   - दालमण्डी में तैनात Quick Response Team (QRT) एवं ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों की चेकिंग की गई।
   - पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी, सतर्कता एवं सक्रियता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।
4. **यातायात व्यवस्था एवं वाहन चेकिंग :-**

- पैदल गश्त के दौरान बिना नंबर की गाड़ियों को तत्काल सीज करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया गया।
- शहर में सुगम यातायात एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर वाहन चेकिंग एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

आज दिनांक 29.09.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल ने शहर में अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु पैदल भ्रमण कर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने थाना चेतगंज क्षेत्रान्तर्गत लहुराबीर चौराहे पर पहुँचकर सड़क पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया और तत्काल अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए। इसके साथ ही गोदौलिया से केवीएम होते हुए दालमण्डी तक तथा चेतगंज से लहुराबीर होते हुए अमर उजाला तिराहा तक पैदल भ्रमण एवं गश्त की। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण और यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को लगातार अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाने, नए अतिक्रमण को रोकने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण दालमण्डी क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और ड्यूटी पर मौजूद *Quick Response Team (QRT)* तथा अन्य पुलिसकर्मियों की चेकिंग कर उनकी सतर्कता और मुस्तैदी की समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने पुलिस बल को पूरी निष्ठा, सक्रियता और पारदर्शिता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पैदल गश्त के दौरान बिना नंबर की गाड़ियों को तत्काल सीज करने का आदेश दिया और सुगम यातायात व जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर वाहन चेकिंग व अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियमों के पालन में सहयोग करें, जिससे शहर में शांति, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था श्री शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा श्री अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी. सहित सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे ।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस आयुक्त,**
**वाराणसी।**